भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 1392

गुरूवार, 30 जुलाई, 2026/8 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए कौशल विकास कार्यक्रम

1392 श्री के. आर. एन. राजेश कुमार:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पर्यटन क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों की समीक्षा की गई है;

(ख) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस क्षेत्र में रोजगार सृजन बढ़ा है; और

(घ) उससे क्या परिणाम प्राप्त हुए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय ने आतिथ्य और पर्यटन क्षेत्र के विभिन्न हितधारकों को कवर करते हुए पर्यटन सेवा प्रदाताओं को शिक्षा, प्रशिक्षण और प्रमाणन प्रदान करने के लिए "सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण" (सीबीएसपी) योजना लागू की है। यह देश में सेवा प्रदाताओं के सेवा के स्तर और रोजगार क्षमता को बढ़ाता है।

पर्यटन मंत्रालय ने भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) के माध्यम से सीबीएसपी योजना का तृतीय पक्ष मूल्यांकन कराया है। क्यूसीआई ने वर्ष 2025 की अपनी रिपोर्ट में पुनः यह पुष्टि की है कि सीबीएसपी योजना ने देश के पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र के कार्यबल की गुणवत्ता, रोजगार क्षमता और उद्यमिता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

वर्ष 2020 से 2025 तक कुल 1,69,714 सेवा प्रदाताओं को प्रशिक्षित किया गया।

*****